Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 अक्तूबर, 2021

चेन्नई-मैसूर शताब्दी एक्सप्रेस

चेन्नई-मैसूर शताब्दी एक्सप्रेस यात्रियों के लिये सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने वाली अत्याधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण रेलवे की पहली एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (IMS)-प्रमाणित ट्रेन बन गई है। यह भारतीय रेलवे की पहली शताब्दी और दूसरी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन है, जिसे आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 और आईएसओ 45001:2018 प्रमाणपत्र के साथ IMS प्रमाणपत्र मिला है। वर्ष 1994 में शुरू की गई चेन्नई-मैसूर शताब्दी एक्सप्रेस वर्ष 2007 में दक्षिण रेलवे में पहली आईएसओ 9001:2001 प्रमाणित ट्रेन थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा पर पुणे डायलॉग

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल द्वारा 28 अक्तूबर को ''राष्ट्रीय सुरक्षा पर पुणे संवाद (पीडीएनएस) 2021'' के छठे संस्करण का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया गया। पुणे इंटरनेशनल सेंटर (पीआईसी) द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय ऑनलाइन सम्मेलन को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने भी संबोधित किया। इस वर्ष इस सम्मेलन का विषय **'आपदाओं और महामारी के दौर में राष्ट्रीय सुरक्षा तैयारी'** है। प्रतिभागियों द्वारा भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर आपदाओं और महामारियों के प्रभाव को लेकर चर्चा करने के साथ ही इससे निपटने के लिये रणनीतियों के बारे में भी सुझाव दिया गया। कार्यक्रम के अन्य वक्ताओं में नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार और पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल एन.सी. विज भी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा के हिस्से के रूप में आपदा जोखिम में कमी करने पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा बाहरी आयामों तथा भविष्य के खतरों व चुनौतियों से निपटने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर भी चर्चा की गई।

गंगा उत्सव

गंगा उत्सव इस वर्ष 1 से 3 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन 4 नवंबर को गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने की वर्षगाँठ पर हर वर्ष **गंगा उत्सव** का आयोजन करता है।

इस वर्ष गंगा उत्सव को व्यापक बनाते इसका प्रसार नदी घाटियों तक करने का लक्ष्य रखा गया है। 150 ज़िलों में गंगा उत्सव मनाने की योजना है, जिनमें गंगा क्षेत्र के 112 ज़िलों सहित अन्य प्रमुख नदियों के किनारे बसे ज़िले शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष 26 सितंबर को विश्व नदी दिवस पर नदियों के साथ सदियों से चली आ रही परंपराओं से जुड़ने का आह्वान किया था। इस वर्ष गंगा उत्सव का आयोजन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की देखरेख में हो रहा है। उद्घाटन समारोह में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी, जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और बिशेश्वर टुडु, जल शक्ति मंत्रालय में सचिव पंकज कुमार और कई ओलम्पिक खिलाड़ी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता के 75 वर्ष और आज़ादी का अमृत महोत्सव समारोहों का हिस्सा होगा।

युद्ध अभ्यास 2021

भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच 'युद्ध अभ्यास 2021' का सत्यापन चरण 25 से 28 अक्तूबर, 2021 तक दो भागों में अमेरिका के अलास्का में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत दो दल बनाए गए, एक अमेरिकी सेना के नेतृत्त्व में और दूसरा भारतीय सेना के नेतृत्त्व में। यह सैन्याभ्यास भारत तथा अमेरिका की सेनाओं के बीच 14 दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान अलास्का के एल्मेंडोर्फ रिचर्डसन संयुक्त सैन्य अड्डे पर संपन्न किया गया। इस अभ्यास में अमेरिका की 40वीं कैवलरी रेजिमेंट के फर्स्ट स्क्वाड्रन (एयरबोर्न) से संबंधित कुल 300 अमेरिकी सैनिकों ने और भारतीय सेना की 7वीं मद्रास इन्फैंट्री बटालियन ग्रुप के 350 सैनिकों ने भाग लिया। यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं को ठंडी जलवायु परिस्थितियों वाले पहाड़ी इलाकों में बटालियन स्तर पर संयुक्त अभियान संचालित करने में मदद करेगा।